श्री बंशीधर नगर, शनिवार
14.11.2026
कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 80



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com 10,271 घरों को मिलेगा शुद्ध पानी >> पेज 03 छठ पूजा का अनुभव कर भावुक हुए आयुष्मान-शरवरी >> पेज 05

सुविचार

कहीं न कहीं हमने यह मानना बंद कर दिया कि हम कुछ भी कर सकते हैं। और अगर हमारे पास अपने सपने नहीं हैं, तो हमारे पास कुछ भी नहीं है।

न्यूज अपडेट्स

रांची-खूंटी मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप कर्मी को मारी गोली

खूंटी। जिले में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। गुटजोरा पंचायत के जियारप्पा सीमा क्षेत्र में रांची-खूंटी मुख्य मार्ग स्थित पुष्पा फ्यूल सेंटर पेट्रोल पंप पर शुक्रवार देर रात तीन अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैला दी। अपराधियों ने पंप के केबिन में काम कर रहे कर्मी अमित कुमार (25) को गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी संगठन के नाम पर रंगदारी से संबंधित पर्चा छोड़कर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हुटार की ओर से अपाचे बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी पेट्रोल पंप पहुंचे। इसके बाद केबिन के अंदर मौजूद अमित कुमार पर तीन गोलियां चलाईं। इनमें से एक गोली उसके पैर में लगी। गोलीबारी के बाद पेट्रोल पंप परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल अमित को तत्काल सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद अपराधियों ने काउंटर पर एक पर्चा छोड़ा, जिसमें संगठन को सहयोग करने की बात लिखी गई थी। इसके बाद तीनों अपराधी रांची की ओर फरार हो गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

सिमडेगा की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने लगाया दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर दुष्कर्म का आरोप, प्राथमिकी

रांची। राजधानी रांची में एक नाबालिग आदिवासी किशोरी के साथ कथित यौन उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। सिमडेगा की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। किशोरी के आवेदन के आधार पर रांची के विधानसभा थाना में विधायक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इस पूरे मामले में दो महिलाओं की भूमिका भी संदेह के घेरे में है, जिन पर किशोरी को बहला-फुसलाकर विधायक आवास तक लाने का आरोप है। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रांची के धुर्वा थाना पहुंचे, जिससे थाने में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

पुलिस को दिए लिखित आवेदन में पीड़िता ने बताया कि मई 2026 में एमा बड़ा और जोसिमा खाखा नाम की दो महिलाएं उसे पढ़ाई कराने और स्कूल में नामांकन दिलाने का भरोसा देकर अपने साथ ले गई थीं। पहले उसे सिमडेगा स्थित विधायक आवास ले जाया गया और बाद में रांची लाया गया। किशोरी का आरोप है कि वहां उससे पढ़ाई कराने के बजाय घरेलू काम कराया



जाने लगा. काम में जरा सी गलती या देरी होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी, गालियां दी जाती थीं और ठीक से खाना भी नहीं दिया जाता था। किशोरी के अनुसार, दोनों स्थानों पर उसके साथ लगातार दुर्व्यवहार होता रहा और विरोध करने पर डराया जाता था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 5 अगस्त 2026 को रांची स्थित विधायक आवास संख्या-12 में दोपहर के समय विधायक भूषण बाड़ा ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने के बावजूद उसका मुंह बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारकर फेंकवा देने की धमकी दी गई थी। भयभीत किशोरी अगले दिन किसी तरह वहां से निकलकर अपने गांव सिमडेगा पहुंची। घर लौटने के बाद शारीरिक प्रताड़ना के कारण उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसने परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई।

हटिया डीएसपी नीरज ने बताया कि किशोरी को स्कूल में पढ़ाई और नामांकन कराने का भरोसा देकर रांची लाया गया था, जिसके बाद वह संबंधित आवास में रह रही थी। इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म की घटना होने का आरोप लगाया गया है। विधानसभा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से अनुसंधान कर रही है और पीड़िता की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

विधायक भूषण बाड़ा मामले में नाबालिग की दादी ने दर्ज करायी प्राथमिकी, गलत गवाही दिलवाने का आरोप

कांग्रेस के विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। जिस नाबालिग ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, उसकी दादी ने सिमडेगा के पकड़टांड़ थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। इसमें उनकी पोती का अपहरण करने और बहला-फुसला कर गलत बयान दिलाने का आरोप लगाया गया है।

प्राथमिकी में दिलीप तिर्की नामक व्यक्ति समेत दो लोगों पर बच्ची को बहला-फुसलाकर गलत बयान देने और विधायक भूषण बाड़ा को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भाजपा ने विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धुर्वा थाने का किया घेराव



रांची। कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर एक नाबालिग आदिवासी बच्ची की ओर से लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोपों के विरोध में भाजपा रांची महानगर जिला के तत्वावधान में धुर्वा थाना का घेराव किया गया। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपित विधायक की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि एक नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण के लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर और संवेदनशील हैं। महिला सुरक्षा की बात करने वाली व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि पीड़िता को न्याय मिले, न कि उसे न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि बेटियों की अस्मिता और सुरक्षा किसी राजनीतिक दल की सीमा में बंधा विषय नहीं है। यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा पीड़िता को न्याय दिलाने की आवाज मजबूती से उठाता रहेगा। भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि एक नाबालिग आदिवासी बच्ची की ओर से लगाए गए गंभीर आरोप पूरे समाज को झकझोरने वाले हैं। यह मामला केवल एक बच्ची के साथ कथित अपराध का नहीं, बल्कि समाज में बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय व्यवस्था पर विश्वास का भी सवाल है। जब आरोप एक जनप्रतिनिधि पर लगे हों, तो पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले में सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपित विधायक की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई हो, पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाए, उसे सुरक्षा एवं उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए। पीड़िता को न्याय मिलने और दोषियों पर कानून सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित होने तक भाजपा ने आंदोलन जारी रखने की बात कही। घेराव कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, उमेश यादव, राजू सिंह, संकेत तिवारी, बीना मिश्रा, अनीता वर्मा, इंद्रजीत यादव, दिव्या साहू, शंकर दुबे, गीता गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उगा हे सूरज देव भेल भिनसरवा, अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो...

परदेश से लौटते कदम, माटी की पुकार और छठ का इंतजार

धीरेन्द्र चौबे

परदेश कमाने गये लोगों को अपनी माटी और संस्कृति से जुड़ने का अवसर आया है। परदेश गये लोगों का इंतजार उनके स्टेशनों को भी है। उनके निकट के स्टेशन भी बुला रहे हैं। अवसर लोक पर्व छठ का है। इसे लेकर स्टेशन पर भी साफ सफाई जोरो पर है। छठ के मनभावन मधुर गीत बज रहे हैं। छठ महापर्व केवल आस्था और उपासना का पर्व नहीं, बल्कि अपनी माटी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने का भावनात्मक अवसर भी है। खासकर उन लोगों के लिये, जो रोजी रोटी की तलाश में अपना गांव, घर परिवार छोड़कर दूसरे प्रदेशों और महानगरों में रहते हैं। उनके लिये छठ की आहट ही घर वापसी का संदेश बन जाती है।महानगरों की भागदौड़ और काम की व्यस्तता के बीच जब कानों में छठ के पारंपरिक गीत गूंजते हैं, तो मन गांव की गलियों व घर के आंगन और अपनों के बीच पहुंच जाता है। परदेश में रहने वाले लोग साल भर इस पर्व का इंतजार करते हैं। कोई



महीनों पहले छुट्टी की व्यवस्था करता है, तो कोई रेल टिकट के लिये जद्दोजहद करता है। उनके लिये घर लौटना महज यात्रा नहीं बल्कि अपनी मिट्टी, संस्कृति, परंपरा और परिवार से फिर मिलने का सुखद अवसर है।

इधर बिहार और झारखंड के रेलवे स्टेशन भी परदेश से अपनी माटी लौटने वाले अपने यात्रियों के स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। स्टेशनों पर साफ सफाई का विशेष अभियान चल रहा है। परिसर को व्यवस्थित किया जा रहा है और छठ के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बनाया जा रहा है। ऐसा लगता है मानो स्टेशन भी अपने उन यात्रियों की राह देख रहे हैं, जो रोजी-रोटी के लिये दूर गये थे और अब छठ की पुकार पर अपनी माटी की ओर लौट रहे हैं। गांवों में भी छठ की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। घरों की सफाई, घाटों की सजावट, बाजारों में सूप, दउरा, फल, नारियल और ईख की खरीदारी के बीच हर तरफ उत्साह है। कांच ही बांस के बहंगिया और केलवा के पात पर उगेलन सूरजमल जैसे लोकगीत वातावरण में भक्ति और अपनापन घोल रहे हैं। छठ का सबसे भावुक दृश्य तब दिखता है, जब लंबे समय बाद परदेश से लौटा बेटा अपने परिवार के साथ घाट पहुंचता है। मां के हाथ का भोजन, पिता का स्नेह, बच्चों की खिलखिलाहट और गांव की माटी की महक उसे वह सुकून देती है, जो बड़े शहरों की चमक दमक और शहरी चकाचौंध में ढूंढे नहीं मिलता। छठ महापर्व परिवार को जोड़ने, पर्यावरण और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ साथ सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व है। यह याद दिलाता है कि इंसान चाहे कितनी भी दूर चला जाय, उसकी जड़ें अपनी मिट्टी में ही रहती हैं। इन दिनों बिहार और झारखंड के स्टेशन सिर्फ ट्रेनों की प्रतीक्षा नहीं कर रहे, वे अपनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। छठ के गीतों की गूंज मानो हर प्रवासी से कह रही है, लौट आओ, तुम्हारी माटी तुम्हें बुला रही है।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का 4 दिवसीय महापर्व छठ



रांची। राजधानी रांची में लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर घरों से लेकर बाजारों तक धार्मिक माहौल बनने लगा है। सुबह से ही व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही शुद्धता और सात्विकता के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत हुई। नहाय-खाय के दिन व्रती विशेष रूप से कद्दू-भात और चने की दाल का प्रसाद तैयार करते हैं। पारंपरिक तरीके से तैयार इस भोजन को ग्रहण करने के साथ ही व्रती महापर्व का संकल्प लेते हैं। छठ पूजा में स्वच्छता और पवित्रता का विशेष महत्व होता है। शायद यही वजह है कि घरों में साफ-सफाई से लेकर प्रसाद तैयार करने तक हर काम पूरी श्रद्धा और नियम के साथ किया जाता है। छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना होगा। इस दिन व्रती सुबह से निर्जला उपवास रखेंगे। दिनभर पूजा की तैयारी और प्रसाद बनाने की परंपरा निभाई जाएगी। शाम को स्नान के बाद व्रती भगवान सूर्य की पूजा करेंगे और गुड़ की खीर तथा रोटी का प्रसाद तैयार करेंगे। पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे और परिवार के सदस्यों तथा आसपास के लोगों के बीच भी प्रसाद वितरित किया जाएगा। खरना के साथ ही छठ व्रतियों का करीब 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा, जिसका समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद होगा। रविवार के दिन व्रती और उनके परिवार के सदस्य पूजा सामग्री के साथ छठ घाटों पर पहुंचेंगे। बांस के सूप और दउरा में ठेकुआ, नारियल, गन्ना, मौसमी फल और अन्य पूजन सामग्री सजाई जाएगी। शाम को नदी, तालाब और निर्धारित छठ घाटों पर व्रती पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस साल 15 नवंबर को सूर्यास्त का अनुमानित समय शाम 5:27 बजे है। 4 दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन 16 नवंबर को उषा अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार सुबह सूर्योदय से पहले ही व्रती और श्रद्धालु छठ घाटों पर पहुंचेंगे। उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही 4 दिनों तक चलने वाला कठिन अनुष्ठान संपन्न होगा। इस दिन सूर्योदय का अनुमानित समय सुबह 6:44 बजे है। अर्घ्य देने के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर पारण करेंगे। इसके साथ ही परिवार और समाज के बीच प्रसाद वितरण की परंपरा निभाई जाएगी।

न्यूज अपडेट्स

दुष्कर्म मामले का आरोपित गिरफ्तार

रांची। रांची के तमाड़ थाना पुलिस ने दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम लखविन्द्र मुण्डा बताया गया है। इसके पास से मिट्टी लगा शर्ट एवं अन्य कपड़ा बररामद किया गया है। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने शुक्रवार को बताया कि गत नौ नवंबर को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। नाबालिग लड़की की मां के जरिये इस संबंध में तमाड़ थाना में लिखित आवेदन दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक बुंडू के नेतृत्व में कांड का खुलासा करने के लिए एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में आरोपित ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि बच्ची को वो पूर्व से जानते एवं पहचानते थे। घटना के दिन आरोपित के जरिये बच्ची को मिठाई बनाने के लिए चावल का आटा मील से लाने का बहाना बनाकर बच्ची को मील नहीं ले जाकर सुनसान जंगल में बलपूर्वक ले जाकर बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म किया। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अध्यात्म नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चारदिवसीय महापर्व छठ

खरना आज, पहला अर्घ्य कल

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : सूर्योपासना का चारदिवसीय महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। खरना शनिवार को होगा। छठ व्रतियों ने सुबह में विभिन्न नदियों एवं तालाबों में पूरी शुद्धता के साथ स्नानादि कर अरवा चावल का भात, चना का दाल व लौकी की सब्जी खाकर छठ महापर्व की शुरूआत की। छठ महापर्व को लेकर चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। छठ के त्योहार को लेकर शहर से लेकर गांव तक व्रतियों सहित सभी लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। व्रतियों के लिये श्री बंशीधर मंदिर सूर्य मंदिर छठ घाट सहित सभी घाटों को तैयार कर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। वहीं बाजार में छठ पूजन सामग्री की खरीददारी को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार छठ पूजन की सामग्री से पूरी तरह पट गया है। छठ पूजन सामग्रियों के महंगा होने के बावजूद छठ व्रती जमकर खरीददारी कर रहे हैं। शुक्रवार को बाजार में लोकल लौकी 100 रुपये प्रति किलोग्राम तथा बाहरी लौकी 50 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिका। छठ महापर्व को लेकर देसी गुड़ 250 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। वहीं बाहरी गुड़ 60 रुपये से 100 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। छठ महापर्व को लेकर पूजन सामग्री का भाव अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक है।

थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों संग घाटों का किया निरीक्षण



मेराल : लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिये थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुड़ल टोला स्थित यूरिया नदी, नेनुआ मोड़ स्थित सरस्वती नदी घाट, चारकोनिया तालाब, छवनवा तालाब एवं बर नदी छठ घाट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान साफ-सफाई, रोशनी, रास्ते तथा व्रतियों की सुरक्षा को लेकर आयोजन समितियों को आवश्यक निर्देश दिये। समितियों ने घाटों पर सुरक्षा बलों के साथ स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की मांग की। बर नदी घाट पर रविवार की शाम भव्य गंगा आरती आयोजित करने की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित पर्व संपन्न कराने की अपील की। मौके पर पूर्व जीप सदस्य संजय भगत, मुखिया रामसागर महतो, सूर्य प्रकाश, मदन यादव, विनोद चौधरी, धनंजय चौधरी, रोहित कुमार, विजय प्रसाद, विनोद कुशवाहा, सुनील मेहता, नवीन जायसवाल, अनुज कुमार, देवेंद्र शर्मा, सुनील सिंह एवं अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फल वितरित



मोहम्मदगंज : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर शुक्रवार को मोहम्मदगंज स्थित केनरा बैंक के समीप स्वामी विवेकानंद एवं मिसाईल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम शैक्षिक ट्रस्ट की ओर से छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फलों का वितरण किया गया। ट्रस्ट की इस पहल से जरूरतमंद छठ व्रतियों को काफी सहूलियत मिली। इस अवसर पर छठ पूजा में उपयोग होने वाली आवश्यक पूजन सामग्री और फल वितरित कर व्रतियों के पर्व की खुशियों में सहभागिता निभाई गई। ट्रस्ट की ओर से 14 नवंबर को डालटनगंज में भी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सामाजिक सहयोग, सेवा भावना और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। लोक आस्था के महापर्व पर जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए उठाये गये इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की। उस मौके पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन, अश्वनी सिंह, कपिलदेव नारायण सिंह, रामाधार यादव, रामजन्म राम, सिद्धार्थ कुमार सहित ट्रस्ट की ओर से डॉ जिब्राईल, डॉ अरशद, गीता यादव, दीपक कुमार, महेश कुमार समेत अन्य स्थानीय व्रती एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सगमा : धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी योगेन्द्र भुईयां की 18 वर्षीय पुत्री चंचला कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिवार पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के अनुसार गुरुवार की शाम चंचला ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भोजन किया और इसके बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार की सुबह काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली और न ही उसकी नींद खुली तो परिजनों को चिंता होने लगी। इसके बाद उसके छोटे भाई छोटू भुईयां ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण लोगों ने दीवार तोड़कर अंदर देखा तो चंचला का शव दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखते ही वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गये। घटना की सूचना तत्काल धुरकी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया।

चटकपुर में छात्रा से दुष्कर्म मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

रांची। रातू थाना के चटकपुर में ट्यूशन से लौट रही छात्रा से दुष्कर्म मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पंकज लोहरा (22) और अंशु राणा (19) रुप में हुई है। इन आरोपितों के साथ एक नाबालिग को भी पुलिस ने निरुद्ध किया है। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने कहा कि 7 नवंबर को छोटी दिवाली के दिन पीड़िता ट्यूशन से अपने घर लौट रही थी, इसी दौरान कुछ लड़कों के जरिये नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए रातू थाना, नगड़ी थाना, दलादली थाना और पंडरा थाना की पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी। इसी दौरान पुलिस को इस घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी, जिसमें कुछ नकाबपोश लड़के पीड़िता का पीछा करते दिखे। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध कर रिमांड होम भेज दिया गया है।

झारखंड की जेलों में 85 कैदी मना रहे हैं छठ, प्रशासन ने किए खास इंतजाम

रांची। राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जेलों में 85 कैदी लोक आस्था के महापर्व छठ मना रहे हैं। इनमें 36 महिला और 49 पुरुष बंदी शामिल हैं। जेल परिसर के भीतर ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की जा रही है। झारखंड के जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने शुक्रवार को बताया कि बंदियों की धार्मिक आस्था और भावनाओं का सम्मान करते हुए जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। जेलों के अंदर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, रोशनी और कृत्रिम पूजा स्थल (अर्घ्य के लिए जल कुंड) तैयार किए गए हैं। इसके साथ व्रती बंदियों को प्रशासन की ओर से पूजन सामग्री, फल, नैवेद्य और नए वस्त्र भी उपलब्ध कराए गए हैं। पर्व के दौरान जेल में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राजधानी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सबसे अधिक 18 बंदी छठ महापर्व कर रहे हैं, जिनमें 9 महिला और 9 पुरुष बंदी शामिल हैं। इसी प्रकार हजारीबाग लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा से 5 महिला और 6 पुरुष, मेदिनीनगर केंद्रीय कारा 5 महिला और 3 पुरुष, दुमका केंद्रीय कारा से 1 महिला और 4 पुरुष, घाघीडीह केंद्रीय कारा (जमशेदपुर) 1 महिला बंदी। केंद्रीय कारओं के अलावा राज्य की कई मंडल और उपकाराओं में भी छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं। गढ़वा मंडल कारा में 9 महिला और 6 पुरुष समेत कुल 15 बंदी व्रत कर रहे हैं। वहीं, धनबाद मंडल कारा में 3 महिला और 6 पुरुष बंदी छठ पूजा में शामिल हैं। इसके अलावा गिरिडीह मंडल कारा में 8 पुरुष, साहेबगंज मंडल कारा में 4 पुरुष और चतरा मंडल कारा में 2 पुरुष बंदी व्रत रख रहे हैं। उपकाराओं की बात करें तो राजमहल उपकारा में 2 महिला व 1 पुरुष तथा गढ़वा के श्री बंशीधर नगर उपकारा में 1 महिला बंदी छठ कर रही हैं।

डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब को हराकर यूथ क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से दर्ज की जीत

पंकज कुमार बने मैन ऑफ द मैच

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : गढ़वा जिला क्रिकेट लीग का छठा मुकाबला डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब और यूथ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मुकाबले में यूथ क्रिकेट क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब की टीम 35.2 ओवर में 121 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आर्यन होदा ने सर्वाधिक 32 रन बनाये। वहीं केशव राज ने 17 और मनीष कुमार ने 16 रनों का योगदान दिया। यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुये पंकज कुमार ने 4 विकेट झटके। जबकि इंद्रबहादुर सिंह ने 3 विकेट हासिल किये। भोला और सम्राट को 1-1 विकेट मिला।लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्रिकेट क्लब की टीम ने 22.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 122 रन बनाते हुये मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस तरह यूथ क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। डार्क ब्लू क्रिकेट क्लब की ओर से आर्यन और केशव राय ने 2-2 विकेट हासिल किये। मैच में शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन के लिये पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें धर्मेंद्र कुमार पाल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।



छठ व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ी का वितरण

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर शुक्रवार को छठ व्रतियों की सुविधा के लिए आम की सूखी लकड़ी का वितरण किया गया। पूर्व मध्य रेलवे मेंस कांग्रेस डालटनगंज और इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छठ व्रतियों को आम की सूखी लकड़ी उपलब्ध कराई गई। वितरण कार्यक्रम सुबह साढ़े सात बजे से मेदिनीनगर के दो नंबर टीओपी के समीप स्थित माता कमला देवी चिल्ड्रेन शेड में आयोजित हुआ। इस सेवा कार्य की खास बात यह है कि टीटीई इंस्पेक्टर सह चेकिंग स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव बीएम पांडेय पिछले कई वर्षों से अपने निजी खर्च पर छठ व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ी का वितरण करते आ रहे हैं। छठ जैसे पवित्र पर्व पर व्रतियों की जरूरत को ध्यान में रखकर की जा रही उनकी यह पहल सामाजिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण है। बीएम पांडेय रेलवे संगठन की जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं। मौके पर बीएम पांडेय, केंद्रीय संयुक्त महासचिव, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस सह इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन के धनबाद मंडल उपाध्यक्ष संजय पासवान, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज के सचिव दुर्गा जौहरी, केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पलामू जिला अध्यक्ष नवीन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र दूबे, सुजीत कुमार पासवान, वीरेंद्र चौधरी, दिवाकर दास, डीके भारती, उमेश तिवारी, मनोज यादव, सिकंदर और श्रेयांश शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

छठ महापर्व में समाहित है प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश : नीरज श्रीधर



गढ़वा : लोक जीवन और लोक कला किसी भी सभ्यता एवं संस्कृति की आत्मा होते हैं। ये हमारी परंपराओं और विरासत को जीवंत रखने के साथ समाज की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत बनाते हैं। भारतीय लोकजीवन में छठ महापर्व इसी समृद्ध परंपरा, अटूट आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उदाहरण है। संस्कार भारती, झारखंड प्रांत के प्रांतीय कला धरोहर संयोजक पं हर्ष द्विवेदी कला मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि छठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मानुशासन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि छठ मुख्य रूप से वर्ष में दो बार चैत्र और कार्तिक मास में चार दिवसीय अनुष्ठान के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरूआत नहाय-खाय से होती है। दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पर्व का समापन किया जाता है। इस दौरान व्रती कठिन साधना, पवित्रता और संयम का पालन करते हैं।

विश्रामपुर 92.61 करोड़ से विश्रामपुर रेहला में बिछेगी पेयजल की पाइपलाइन

10,271 घरों को मिलेगा शुद्ध पानी

सांसद वीडी राम और विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया जलापूर्ति योजना का शिलान्यास

27 माह में पूरा करने का है लक्ष्य

बंशीधर न्यूज



विश्रामपुर : विश्रामपुर और रेहला शहरी क्षेत्र के हजारों परिवारों को पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। शुक्रवार को सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने 92.61 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विश्रामपुर रेहला शहरी जलापूर्ति योजना का विधिवत शिलान्यास किया। योजना पूरी होने पर दोनों शहरी क्षेत्रों के 10,271 घरों तक नियमित रूप से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए 27 माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है। उस मौके पर सांसद वीडी राम ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि देश के प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। शुद्ध पेयजल हर परिवार की मूलभूत जरूरत है। विश्रामपुर और रेहला के लोगों की पेयजल संबंधी परेशानियों को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृत कराया गया है। उन्होंने संवेदक को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की गड़बड़ी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि संवेदक ने अनियमितता की तो भुगतान पर रोक लगवा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी पूरी निगरानी में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं में स्वीकृत राशि के अनुरूप धरातल पर काम नहीं होने की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं। उन्होंने पूर्व में कराए गए कार्यों की पूरी जानकारी जुटाकर उनकी जांच कराने और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही।

131 किमी पाइपलाइन व तीन जलमीनारें

योजना के तहत जल संग्रहण के लिए इंटेक वेल और पानी को शुद्ध करने के लिए आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। जल भंडारण और नियमित आपूर्ति के लिए तीन जलमीनारों का निर्माण होगा। इसके अलावा विश्रामपुर और रेहला के शहरी क्षेत्रों में लगभग 131 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। पूरी परियोजना में जल संग्रहण, शोधन, भंडारण और वितरण की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। योजना का क्रियान्वयन झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के माध्यम से किया जाएगा। निर्माण की जिम्मेदारी बीडी इंडस्ट्रीज जेवी चंद्रगुप्त मौर्य को दी गई है, जबकि एनएसएस एसोसिएट्स, तमिलनाडु परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष गीता देवी, उपाध्यक्ष तारा देवी, डीएसपी मृत्युंजय गोप ,कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव, पंकज तिवारी, रामचंद्र यादव,, डॉ योगेंद्र सिंह, सतीश्वर सिंह, कुश कुमार ओझा, मंडल अध्यक्ष ज्वाला गुप्ता, विकास चौबे सहित वार्ड पार्षद और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

छठ घाटों को संवारने में जुटे नवयुवक संघ के सदस्य

चिनिया : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चिनिया प्रखंड में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। प्रखंड के चिनिया थाना के पीछे स्थित छठ घाट पर नवयुवक संघ के सदस्यों द्वारा साफ-सफाई एवं अन्य तैयारियां पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। वहीं प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों की भी सफाई अभियान चलाकर की जा रही है, ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। नवयुवक संघ के सदस्य घाटों की सफाई, व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में जुटे हुए हैं। युवाओं के इस प्रयास की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। छठ महापर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उस मौके पर संघ के अध्यक्ष अमित प्रसाद, सचिव मदनदीप प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में मनीष प्रसाद, आयुष प्रसाद, शशिकांत प्रसाद, ऋषि कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार, अमन कुमार, इंद्रजीत प्रसाद, रवि रंजन विश्वकर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, मोहम्मद यासीन मलिक, फरीद खान, बंधु राम, शिवलाल सिंह, शंभू सिंह समेत कई लोगों द्वारा छठ घाटों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



प्रेरणा परमार्थ ने छठ व्रतियों के बीच बांटी आम की लकड़ी और साड़ियां



विश्रामपुर : लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों की सुविधा के लिए सामाजिक धार्मिक संस्था प्रेरणा परमार्थ की रेहला इकाई ने सेवा की सराहनीय पहल की। शुक्रवार को रेहला स्टेशन रोड स्थित शिवतार नर्सिंग होम परिसर में संस्था की ओर से करीब 500 छठ व्रतियों के बीच दो ट्रैक्टर सूखी आम की लकड़ी वितरित की गई। वहीं संस्था की रेहला इकाई के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने व्रतियों के बीच साड़ियों का भी वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक पूज्य अधीश्वर भगवान राम, आदि गुरु कीनाराम और संस्था के श्रद्धेय संत सुधीर भैया के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद प्रार्थना गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह समेत 50 से अधिक प्रेरणार्थियों ने पूजन समारोह में भाग लिया। इसके बाद संस्था के सदस्यों ने व्रतियों के बीच जलावन और साड़ियों का वितरण किया। इस पहल से छठ व्रतियों को पर्व की तैयारियों में सहयोग मिला। सेवा कार्य में इंजीनियर रणधीर सिंह, डॉ. विश्वजीत सिंह, अजीत दीक्षित, मृत्युंजय सिंह, विनोद सिंह, अमित बाबुल, मिस्टर सिंह, शिक्षाविद् अरुण सिंह, डॉ. बीएम राय, कृपाशंकर सिंह, नीरज सिंह, महावीर प्रसाद, पार्षद राजू प्रसाद, अशोक तिवारी, संजीव संजू और मुकुल सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

जनसुनवाई में जमीन विवाद, घरेलू हिंसा और बिजली संकट के मामले पहुंचे, डीसी ने दिये कार्रवाई के निर्देश



गढ़वा : डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे फरियादियों ने राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, रोजगार, बकाया मजदूरी भुगतान और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने सहित कई समस्याएं रखीं। जनसुनवाई में करीब 25 आवेदन प्राप्त हुये। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुये संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का संवेदनशीलता और तत्परता से निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही दूरभाष पर भी कार्यालय प्रधानों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बिरसा मुंडा उद्यान पहुंचकर बच्चों ने जाना जनजातीय गौरवशाली इतिहास



गढ़वा : जनजातीय गौरव, इतिहास एवं संस्कृति से विद्यार्थियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। सीबीएसई की ओर से एक से 15 नवंबर तक आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों ने स्कूल बस से बिरसा मुंडा उद्यान का भ्रमण किया। भ्रमण की शुरूआत टाउन हॉल परिसर में स्थापित महान स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई। नन्हें बच्चों ने जोहार झारखंड के उद्घोष के साथ वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा उद्यान पहुंचकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अन्य जनजातीय महापुरुषों को भी नमन किया गया। विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं, संघर्षों तथा देश की आजादी के आंदोलन में उनके योगदान की जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, वीरेंद्र शाह, नीरा शर्मा, कृष्ण कुमार, नीलम कुमारी, दिनेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री मिथिलेश के आवास पर छठ महापर्व की भव्य तैयारी

आकर्षक ढंग से सजाया गया परिसर

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ को लेकर पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी उनके आवास पर छठ महापर्व का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन में पूर्व मंत्री के पूरे परिवार एवं रिश्तेदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। छठ महापर्व को लेकर आवास परिसर को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया है। पूरे परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावटी सामग्रियों से सजाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को छठ पूजा के दौरान भक्तिमय और सुंदर वातावरण मिल सके। महापर्व की तैयारियों को लेकर आवास परिसर में लगातार चहल-पहल बनी हुई है। आयोजन को व्यवस्थित और यादगार बनाने के लिये विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। यहां छठ महापर्व को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि छठ महापर्व झारखंड सहित पूरे देश में श्रद्धा, आस्था और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। ऐसे में मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर आयोजित होने वाला यह छठ महापर्व क्षेत्र के लोगों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहता है। यहां बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता इस आयोजन को आस्था और सामाजिक सौहार्द का स्वरूप प्रदान करती है।

एमवीआई ने गुलाब और माला देकर गांधीगिरी अभियान, हेलमेट पहनने वालों को किया सम्मानित



बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को पोखराहा चेकपोस्ट स्थित फोरलेन पर अनोखे अंदाज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। एमवीआई के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में गांधीगिरी का सहारा लेते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और ट्रिपल सवारी करने वालों को माला पहनाकर जागरूक किया गया। वहीं, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान एमवीआई, सड़क सुरक्षा प्रबंधक एवं जिला परिवहन कार्यालय के प्रधान सहायक ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्हें हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी। इस दौरान बिना हेलमेट और ट्रिपल सवारी करने वालों को माला पहनाकर यह एहसास कराया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। उन्हें समझाया गया कि आज उन्हें जागरूक करने के लिए माला पहनाई जा रही है, लेकिन सड़क दुर्घटना होने पर यही माला उनकी तस्वीर पर भी चढ़ सकती है। इसलिए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना तथा यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। एमवीआई वाहन चालकों से अपील की कि सड़क पर लापरवाही न बरतें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। अभियान में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी भी मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

छठ व्रतियों के लिये निःशुल्क आम की लकड़ी वितरित

श्री बंशीधर नगर : छठ महापर्व पर छठ व्रतियों के लिये निःशुल्क आम की लकड़ी वितरण प्रेम मेहता के द्वारा किया गया। प्रेम मेहता ने बताया कि छठ महापर्व पर छठ व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिये आम की लकड़ी की व्यवस्था की गई है, जो भी छठ व्रति है जितना आम की लकड़ी की आवश्यकता है वह आवश्यकता के अनुसार वह ले जा सकते हैं। वही मेन रोड से छठ घाट तक चलने में असमर्थ छठ व्रतियों के लिये टेंपो की व्यवस्था की गई है। यह टेंपो की व्यवस्था राजू मेहता और सुमित कुमार के द्वारा दो टेंपो उपलब्ध किया जाता है, जो की निःशुल्क सुविधा है। राजू मेहता ने कहा कि छठ महापर्व ऐसा महापर्व है कि इस पर्व में कई सारे लोग इस पर्व में भाग लेते हैं। इस पर्व में बढ़ चढ़कर बहुत सारे लोग कई सामग्रियां वितरण करते हैं।

सूर्य नारायण मंदिर के विकास के लिये सामुदायिक वन पट्टा की मांग

केतार : प्रखंड के मुकुंदपुर स्थित प्रसिद्ध सूर्य नारायण मंदिर परिसर के समुचित विकास को लेकर जिपस रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने पहल की है। उन्होंने डीसी को पत्र लिखकर मंदिर परिसर के लिये सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में समाज कल्याण सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार ठाकुर ने डीसी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि मुकुंदपुर स्थित सूर्य नारायण मंदिर को सरकार की ओर से पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है।

पलामू ▶ **डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा**

18 को सभी बूथों पर लगेगा अवसर कैंप

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एसआईआर को लेकर शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी 18 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाले एक और अवसर कैंप की तैयारियों और इसके उद्देश्यों की जानकारी दी। डीसी ने बताया कि 18 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ और बीएलए 2 की अंतिम बैठक भी आयोजित होगी। इसका उद्देश्य उन पात्र मतदाताओं को एक और अवसर देना है, जिनका नाम किसी कारणवश प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। ऐसे



मतदाता आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कैंप में अनुपस्थित, स्थानांतरित (शिफ्टेड) और दोहरी प्रविष्टि (डुप्लीकेट) की सूची में शामिल मतदाताओं से संबंधित मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा मतदान केंद्र क्षेत्र के ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिन्होंने अब तक प्रपत्र 6 नहीं भरा है, उनसे प्रपत्र 6, घोषणा पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और पात्र मतदाताओं को कैंप का लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी उदय रजक कांग्रेस जिला अध्यक्ष विमला कुमारी, सत्येंद्र सिंह ,राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, भाजपा के विजय ठाकुर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एसी कुंदन कुमार को आईएएस में मिली प्रोन्नति

मेदिनीनगर : एसी कुंदन कुमार ने प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें राज्य प्रशासनिक सेवा कोटे से आईएएस में प्रोन्नति दी गई है। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने 10 नवंबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। उन्हें वर्ष 2024 की रिक्तियों के विरुद्ध आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली है। कुंदन कुमार की इस उपलब्धि पर डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। डीसी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके प्रशासनिक अनुभव, कार्य के प्रति निष्ठा और लंबे सेवाकाल का सुखद परिणाम है। उन्होंने नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि कुंदन कुमार आगे भी जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देंगे।

थाना प्रभारी ने पुतुर गांव में चलाया जन-जागरूकता अभियान

बंशीधर न्यूज

सगमा : धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनडीहा पंचायत के पुतुर गांव स्थित चौपाल के समीप ग्रामीणों के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को साईबर अपराध से बचाव, यातायात सुरक्षा, आपातकालीन सेवा डायल



112 के उपयोग, डायन-बिसाही जैसी अंधविश्वास पूर्ण कुरीतियों को समाप्त करने तथा जमीन विवाद का आपसी सौहार्द और कानूनी तरीके से समाधान करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा आगामी छठ महापर्व को देखते हुये छठ घाटों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने की भी अपील की गई। जानकारी देते हुये थाना प्रभारी जनार्दन राऊत ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध पर नियंत्रण करना ही नहीं, बल्कि आम जनता को जागरूक करना और पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जमीन संबंधी विवादों में कानून को अपने हाथ में न लें। किसी भी प्रकार के विवाद का समाधान आपसी सहमति एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत करें। उस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त, घाट व रास्तों पर पुलिस बल तैनात

यातायात रूट तय, वाहन चालकों को दिये गये कई निर्देश

बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : पुलिस प्रशासन की ओर से छठ महापर्व को लेकर बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जा रही है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि वाहन चालकों को विशेष निर्देश है कि छठ महापर्व के दौरान किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिये मेन बाजार में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब यदि कोई भी वाहन चालक मेन मार्केट में अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़ा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। 14 नवंबर शनिवार को दो पहिया वाहनों की पार्किंग के लिये प्रशासन द्वारा दो स्थान गर्ल्स हाईस्कूल एवं प्लस टू हाईस्कूल का परिसर निर्धारित किया गया है। वहीं बड़ी वाहन बाईपास रोड का उपयोग करेंगे। गढ़वा की ओर से आने वाले वाहन पाल्हे गांव होते हुये, जबकि बिलासपुर से आने वाले वाहन महदेईया गांव से होकर बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे। विशेष रूप से



बस चालकों के लिये निर्देश है कि वे 14 से 15 नवंबर तक गढ़वा की ओर से आने वाली बसें भवनाथपुर मोड़ हनुमान मंदिर के पास से मुड़ाकर वापस भवनाथपुर या गढ़वा की ओर जाएंगे और बिलासपुर की ओर से आने वाली बसें गोसाईबाग के मैदान से मुड़ाकर वापस धुरकी मोड़ से बाईपास के रास्ते आगे निकलेंगे। शनिवार और रविवार को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी प्रकार के वाहन गोसाईबाग के मैदान से भवनाथपुर मोड़ हनुमान मंदिर तक आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी। मेनरोड से बंशीधर मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग के पास और ट्रॉमा सेंटर के पास बैरिकेडिंग लगाई जायेगी। जिससे कि टेंपो, कमांडर, कॉमर्शियल वाहन मेन बाजार में प्रवेश नहीं कर सके। ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की छठ महापर्व में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। थाना प्रभारी मेन रोड के दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे दुकान के बाहर सामान निकाल के नहीं रखेंगे। अक्सर देखा जाता है कि दुकान रहते हुये भी दुकान के सामने सामान निकाल कर रख देते हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि छठ महापर्व के दौरान शांति, स्वच्छता और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे पर्व को सभी श्रद्धालु सकुशल और व्यवस्थित ढंग से मना सकें।

नहाय खाय के साथ लोकआस्था का 4 दिवसीय महापर्व छठ शुरू, खरना आज



मेदिनीनगर : लोकआस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ की शुरुआत आज नहाय खाय के साथ पूरे उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में हुआ। चार दिवसीय यह पर्व पलामू सहित पूरे पलामू जिले में श्रद्धा, भक्ति और लोक परंपरा के रंग में रंग गया है। घर घर में भक्तिमय माहौल है, व्रती माताएं बहनें छठ मइया की आराधना में लीन हैं। छठ पर्व के पहले दिन नहाय-खाय के अवसर पर लोग सूर्योदय से पहले स्नान कर शुद्ध अन्न से बने भोजन सामग्री ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही छठ का पवित्र व्रत आरंभ होता है। इस वर्ष जिले में छठ पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। लगातार बारिश के कारण नदियों, तालाबों और पोखरों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे व्रतियों को अर्घ्य देने में सुविधा होगी। पूरे पलामू जिले में बाजारों में फलों, फूलों और पूजा सामग्री की खरीददारी को लेकर जबरदस्त भीड़ है। हर वर्ग गरीब से अमीर तक, हर जाति और धर्म के लोग, अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार छठ की तैयारियों में जुटे हुए हैं। छठ के पवित्र अवसर पर घाटों की सजावट, सफाई और सुरक्षा के लिए प्रशासन व सामाजिक संगठनों की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। जिले के सभी घाटों पर छठ मइया के गीतों और आराधना की गूंज के साथ वातावरण पूरी तरह भक्ति में सराबोर है।

झामुमो जिला कमेटी के प्रमुख पदों के लिये नामों पर बनी सहमति



गढ़वा : झामुमो के केंद्रीय कार्यालय के निदेर्शानुसार जिला संयोजक मंडली की दूसरी बैठक पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ने की। इसमें भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती और जिला कमेटी के पुनर्गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिये नामों पर सहमति बनी। सहमति से तय नामों की सूची अंतिम मनोनयन के लिये केंद्रीय कार्यालय भेजी जायेगी। बैठक में पूर्व गठित जिला कमेटी के पदाधिकारियों के कार्यों, सक्रियता और संगठनात्मक योगदान की समीक्षा की गई। वहीं संगठन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाने वाले नेताओं को दोबारा अवसर देने पर भी चर्चा की गई। नई जिला कमेटी के गठन में सामाजिक और जातीय समीकरण का ध्यान रखने पर सहमति बनी। विभिन्न जातियों और सामाजिक वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया गया, ताकि संगठन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भूमिका और जिम्मेदारियों को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, केंद्रीय सदस्य ताहिर अंसारी, जवाहर पासवान, धीरज दुबे, जेपी मिंज, नितेश सिंह, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, राजकिशोर यादव, धर्मराज पासवान, शंभु चंद्रवंशी उपस्थित थे।

छठ घाटों की व्यवस्था पर प्रशासन की नजर, बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



बरडीहा : लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बरडीहा, जिका, बभनी, ओबरा, गंगतेरिया सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी ली गई। बीडीओ ने संबंधित पंचायतों के मुखिया एवं घाट समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल लोक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि अनुशासन, सात्विकता और प्रकृति से जुड़ाव का जीवंत प्रतीक है। सूर्य और प्रकृति हमारे जीवन के आधार हैं। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना इस पर्व का विशेष संदेश है। वहीं थाना प्रभारी राहुल सिंह ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की मुस्तैदी सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र पासवान, लाला सिंह, गुलाम अंसारी सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



छठ पूजा का पहली बार अनुभव कर भावुक हुए आयुष्मान खुराना

मुंबई। अभिनेता आयुष्मान खुराना पहली बार छठ पूजा के उत्सव और परंपराओं से जुड़े हैं। सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के गाने 'बुलाए छठी मां' की शूटिंग के दौरान उन्हें इस पर्व को करीब से जानने और अनुभव करने का मौका मिला। पंजाबी परिवार से आने वाले आयुष्मान ने बताया कि इससे पहले उन्होंने कभी छठ पूजा नहीं मनाई थी। ऐसे में इस त्योहार की रस्मों, आस्था और लोगों के बीच इसके भावनात्मक महत्व को समझना उनके लिए बेहद खास रहा। आयुष्मान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छठ पूजा की हर रस्म के पीछे गहरी आस्था और भक्ति जुड़ी है। इस पर्व की सबसे खास बात उन्हें यह लगी कि यह लोगों को एक साथ जोड़ता है। अभिनेता के मुताबिक, उनके लिए यह केवल एक गाने की शूटिंग नहीं थी, बल्कि एक ऐसी परंपरा का हिस्सा बनने का अवसर था, जिससे वह पहले परिचित नहीं थे। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के विशेष दृश्य की शूटिंग से पहले निर्देशक सूरज बड़जात्या ने पूरी कास्ट को एक साथ बुलाकर छठ पूजा का गीत सुनाया। यह पल इतना भावुक था कि सभी की आंखें नम हो गईं। इस अनुभव ने पूरे दृश्य को उनके लिए और भी यादगार बना दिया। 'बुलाए छठी मां' गीत के जरिए फिल्म में छठ पूजा की आस्था, परंपराओं और सामूहिक भावना को दिखाया गया है। यह पर्व खासतौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, हालांकि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इसकी व्यापक परंपरा है। 'ये प्रेम मोल लिया' में आयुष्मान के साथ शरवरी नजर आएंगी।

यश ने फिर बॉक्स ऑफिस पर जमाया सिक्का, 'रामायण' 1,000 करोड़ी फिल्म



मुंबई। अभिनेता यश की फिल्म 'रामायण: भाग 1' ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस पौराणिक फिल्म के साथ यश ने एक बार फिर वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर अपनी लोकप्रियता साबित की है। खास बात यह है कि 'केजीएफ: चैप्टर 2' के बाद यह उनकी दूसरी फिल्म है, जिसने वर्ल्डवाइड 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इससे यश उन चुनिंदा भारतीय सितारों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनकी एक से अधिक फिल्मों ने यह उपलब्धि हासिल की है। 'केजीएफ: चैप्टर 2' ने दुनियाभर में करीब 1,215 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'रामायण' में रावण की भूमिका निभा रहे यश के अभिनय और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों की सराहना मिल रही है। फिल्म का प्रदर्शन भारत के साथ विदेशी बाजारों में भी शानदार रहा है। ब्रिटेन, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों में इसे अच्छा प्रतिसाद मिला है। वहीं, फिल्म के कन्नड़ डब संस्करण ने भी 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यश हमेशा से भारतीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की बात करते रहे हैं। एक प्री-रिलीज कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि 'रामायण' हम सभी के संस्कारों और भावनाओं से जुड़ी है, इसलिए इसे बनाने के लिए पूरी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को साथ आना चाहिए। फिल्म की इस सफलता के साथ यश अब शाहरुख खान, प्रभास और रणवीर सिंह जैसे सितारों की उस सूची में शामिल हो गए हैं, जिनकी एक से अधिक फिल्मों ने दुनियाभर में करीब 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है। 'केजीएफ' से 'रामायण' तक का सफर यश के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है।

गांधीनगर में राज्यपाल ने किया प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत



सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की हुई मौत

नम आंखों से जवान को दी अंतिम विदाई



बंशीधर न्यूज

भवनाथपुर : सीआरपीएफ के जवान ओमप्रकाश गुप्ता का पार्थिव शरीर भवनाथपुर पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिये सैकड़ों की संख्या में लोग भवनाथपुर पेट्रोल पंप के समीप जुटे। यहां से बाईक, पैदल एवं निजी वाहनों के काफिले के साथ लोग भारत माता की जय और ओमप्रकाश अमर रहें के नारे लगाते हुये पार्थिव शरीर को उनके घर तक ले गये। घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। इस दौरान पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही, ताहिर अंसारी, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा एवं थाना प्रभारी अरुण



रवानी सहित कई लोगों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सीआरपीएफ के जवानों ने अपने साथी को पूरे सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी। अंतिम दर्शन एवं अंतिम संस्कार में विधायक अनंत प्रताप देव समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक शामिल हुये। सभी ने नम आंखों से वीर जवान को अंतिम विदाई दी। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर छहमाइलवा विद्युत स्टेशन के समीप दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में सीआरपीएफ जवान ओमप्रकाश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये थे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिये पलामू और फिर रांची ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर सीआरपीएफ की ओर से एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके असामयिक निधन से भवनाथपुर ने अपना एक वीर सपूत खो दिया। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

छठ गीतों पर बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन, आरके पब्लिक स्कूल में दिखी लोक संस्कृति की झलक



गढ़वा : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक छठ गीतों पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि छठ चार दिनों तक चलने वाला कठिन अनुष्ठान है, जिसमें स्वच्छता, सादगी और पवित्रता का विशेष महत्व है। आज की युवा पीढ़ी रियल लाईफ से दूर होकर रील्स बनाने में अधिक रुचि ले रही है, जिससे वे अपनी संस्कृति और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे अपनी परंपराओं से जुड़े रहते हैं। उन्होंने सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर छठ की विभिन्न परंपराओं और रीति-रिवाजों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। उस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, गीता पांडेय, श्वेता पांडेय, नंदलाल गुप्ता, स्नेहलता पांडेय, इम्तियाज खान आदि उपस्थित थे।

छठ की तैयारी में जुटे पुलिस के जवान, दानरो घाट पर लगातार दूसरे दिन किया श्रमदान



गढ़वा : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर गढ़वा पुलिस की ओर से सामाजिक सरोकार की अनूठी पहल की जा रही है। आगामी छठ पूजा के मद्देनजर परिचारी प्रवर संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस केंद्र गढ़वा के पदाधिकारियों एवं जवानों ने पुलिस लाईन से सटे दानरो नदी स्थित छठ घाट पर लगातार दूसरे दिन विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने सामूहिक श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई की। अभियान के तहत घाट परिसर की सफाई कर उसे छठ पूजा के लिये व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी दिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छठ महापर्व के दौरान घाट पर पहुंचने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि पूजा-अर्चना के दौरान किसी को असुविधा न हो। इस पहल के माध्यम से गढ़वा पुलिस ने यह संदेश दिया कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल विधि-व्यवस्था बनाये रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिसकर्मियों की इस पहल से छठ घाट की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। वहीं, पुलिस की इस सामाजिक पहल की सराहना भी हो रही है।

रमना-डंडई सड़क पर झाड़ियों का फैलाव, छठ के दौरान दुर्घटना की आशंका

रमना : रमना-डंडई मुख्य मार्ग पर करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से हाल ही में बनी सड़क के दोनों किनारों पर झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर सड़क पर श्रद्धालुओं एवं वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगने से सड़क संकरी हो गई है। मार्ग में कई तीखे मोड़ हैं, जहां झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। इससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित गतिविधियों, बाल संरक्षण एवं जरूरतमंद बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा

मिशन वात्सल्य के तहत 188 बच्चों को मिलेगी आर्थिक सहायता

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित गतिविधियों, बाल संरक्षण एवं जरूरतमंद बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से 188 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत चयन की स्वीकृति दी गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को सुरक्षा, शिक्षा, देखभाल एवं बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत अनाथ, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं शोषण से प्रभावित बच्चों को संरक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2025 तक बाल कल्याण समिति के समक्ष 923 मामले आये, जिनमें 475 का निष्पादन किया गया। वहीं जनवरी से अक्टूबर 2026 तक दर्ज 528 मामलों में 479 का निष्पादन हो चुका है। डीसी ने वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा करते हुये जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इसे 24 घंटे संचालित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, डीएसपी मुख्यालय यशोधरा, डीईओ जगन्नाथ लोहरा, श्रम अधीक्षक संजय आनंद सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी उपस्थित थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)